CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 155 ▫ रायपुर, रविवार 29 जून 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## पलारी में डायरिया का प्रकोप, 100 से ज्यादा बीमार



### स्वास्थ्य विभाग हुआ अलर्ट

### विधायक संदीप पहुंचे अस्पताल

**बलौदाबाजार,** 29 जून (हाईवे चैनल)। पलारी नगर में अचानक डायरिया का प्रकोप बढ़ गया है। डायरिया के लक्षण वाले 31 लोग पलारी के सामुदायिक अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। जबकि इससे 100 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए है। नगर के वार्ड नं 2, 3, 4 और 5 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर सतत निगरानी की जा रही है। वहीं नगर पंचायत द्वारा बासी भोजन न करने, दूषित पानी न पीने और मौसम को देखते हुए हमेशा गर्म खाना और गर्म पानी पीने की हिदायत दी जा रही है।

पलारी में डायरिया का प्रकोप की खबर लगते ही विधायक संदीप साहू पलारी सीएसी पहुंचे जहां डायरिया प्रभावितों से मुलाकात कर हालचाल जाना। विधायक साहू ने प्रभावितो के बेहतर ईलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग को दिशा निर्देश दिया। वहीं कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को पलारी के उन वार्डों का भ्रमण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया जहां उल्टी दस्त के कुछ प्रकरण सामने आए हैं। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में ईलाज हेतु भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और चिकित्सकों को पर्याप्त दवाई की उपलब्धता व बेहतर ईलाज के निर्देश दिए। इसके साथ वार्डों में बनाए गए मेडिकल कैम्प का भी निरीक्षण कर मरीजों का हाल-चाल जाना। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ नगरीय निकाय एपीएचई और राजस्व विभाग को समन्वय बना कर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने डायरिया नियंत्रण के लिए वार्डों का सर्वे करने, जल स्त्रोतों का शुद्धिकरण सहित सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने, प्रकरण के सम्बंध में निगरानी बढ़ाये जाने के भी निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि बारिश के मौसम में साफ.-सफाई के अभाव, दूषित खान-पान के कारण उल्टी-दस्त की शिकायत होती है। पलारी के कुछ वार्डों में इसके प्रकरण सामने आए हैं। इसमें वार्ड क्रमांक नंबर 4 में 86 घरों के सर्वे में 48, वार्ड क्रमांक 2 में 60 घरों के सर्वे में 12, वार्ड क्रमांक 5 में 50 घरों के सर्वे में 8 लोग लक्षण वाले प्रकट हुए हैं। सभी को उपचार दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन क्षेत्रों में कैंप लगाया गया है, जिसमें कर्मचारियों की शिफ्ट अनुसार ड्यूटी लगाई गई है। सीएचसी पलारी में उल्टी-दस्त के 29 मरीज भर्ती हैं, जिनका इलाज जारी है। इसके साथ ही कैम्प में भी मरीजों का इलाज जारी है।

### गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी

मौके पर उपस्थित आईडीएसपी के नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी ने बताया कि पलारी में मरीजों के उपचार हेतु पर्याप्त व्यवस्था है। भर्ती में से ऐसे मरीज जिनका यूरिन आउट पुट कम हैं एवं बच्चे और गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी की जा रही है। स्टाफ के अवकाश भी निरस्त कर दिए गए हैं। वार्डों में ओआरएस सहित जरूरी दवाइयों का भी वितरण किया गया है। पानी जांच हेतु भी भेजा गया है । लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। इस दौरान एसडीएम दीपक निकुंज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## जगन्नाथपुरी रथ यात्रा में भगदड़ 3 लोगों की मौत, 50 घायल





सीएम माझी बोले- यह लापरवाही अक्षम्य, दोषियों पर होगी कार्रवाई; पटनायक ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली,** 29 जून (न्यूज चैनल)। रविवार सुबह पुरी के गुंडिचा मंदिर के पास रथ यात्रा के दौरान मचे भगदड़ में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं 50 से ज्यादा लोगों के घायल हो गए। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री चरण मोहन माझी ने गहरा दुख जताते हुए इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। अपने सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा कि महाप्रभु जगन्नाथ के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह था, जिसकी वजह से भीड़ बढ़ी और अफरा-तफरी मच गई। इसी कारण यह दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हुआ।

बता दें कि रविवार सुबह पुरी के गुंडिचा मंदिर के पास रथ यात्रा के दौरान भगदड़ मच गई, जिसमें कम से कम तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और करीब 50 लोग घायल हो गए। यह घटना तड़के करीब 4 बजे हुई, जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दर्शन के लिए एकत्र हुए थे। मामले में पुरी जिला कलेक्टर सिद्धार्थ एस स्वैन ने बताया कि भीड़ काफी ज्यादा थी और उसी दौरान दो ट्रक, जो रथ यात्रा से जुड़ी सामग्री ला रहे थे, भीड़ के बीच घुस गए, जिससे अफरातफरी मच गई। अपने पोस्ट में मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं से इस घटना को लेकर क्षमा मांगी। उन्होंने कहा कि मैं और मेरी सरकार महाप्रभु जगन्नाथ के सभी भक्तों से क्षमा याचना करते हैं। जो श्रद्धालु इस हादसे में अपनी जान गंवा बैठे, उनके परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। हम प्रार्थना करते हैं कि भगवान उन्हें यह दुख सहने की शक्ति दें। सीएम माझी ने आगे कहा कि यह लापरवाही अक्षम्य है। मैंने तत्काल जांच के आदेश दिए हैं और सुरक्षा में हुई चूक की गहराई से जांच करवाई जाएगी। जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त और उदाहरणीय कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी भरोसा दिलाया कि आने वाले रथ यात्रा कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

उधर, बीजेडी अध्यक्ष और ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने गहरा दुख जताया। साथ ही सुरक्षा मामलों का हवाला देते हुए राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने पोस्ट कर कहा कि मैं पुरी के सरधाबली में हुई भगदड़ में जान गंवाने वाले तीन श्रद्धालुओं के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री पटनायक ने आगे सुरक्षा मामलों का हावाला देते हुए राज्य सरकार पर विफलता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह घटना सरकार की भीड़ प्रबंधन में गंभीर विफलता को उजागर करती है। उन्होंने दावा किया कि शनिवार को भी रथ यात्रा के दौरान प्रशासन की लापरवाही के कारण सैकड़ों लोग घायल हुए थे और अब यह हादसा सरकार की अयोग्यता को और स्पष्ट करता है। पटनायक ने कहा कि चश्मदीदों के अनुसार हादसे के बाद शुरूआती मदद श्रद्धालुओं के परिजनों ने की, जबकि सरकारी तंत्र मौके पर मौजूद नहीं था।

## ब्रेकिंग न्यूज

### चारधाम यात्रा 24 घंटे के लिए स्थगित, भारी बारिश से यमुनोत्री हाईवे कई जगह बंद, कई फंसे

**नई दिल्ली,** 29 जून (न्यूज चैनल)। भारी बारिश के चलते यमुनोत्री हाईवे समेत कई जगह रास्ते बंद हैं। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे ने बताया कि भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए चार धाम यात्रा को अगले 24 घंटों के लिए स्थगित कर दिया गया है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को हरिद्वार, ऋषिकेश, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, सोनप्रयाग और विकासनगर में तीर्थयात्रियों को रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

### मणिपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 29 जून (न्यूज चैनल)। सुरक्षा बलों ने मणिपुर के बिष्णुपुर और तेंगनौपाल जिलों से प्रतिबंधित संगठन से जुड़े दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। ये गिरफ्तारियां शनिवार को की गईं। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबंगनबा) के एक सक्रिय सदस्य को बिष्णुपुर में ओइनम उषाखांगदाबी स्थित उसके आवास से पकड़ा गया, जबकि प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक सदस्य को भारत-म्यांमा सीमा के पास तेंगनौपाल में पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को इंफाल पूर्व जिले में नगारियान हिल के पास एक अभियान के दौरान एक राइफल, बंदूकें, कारतूस और एक हथगोला समेत हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया था। अधिकारी ने बताया कि इस बीच, स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद तेंगनौपाल जिले में बम निरोधक दस्ते के कर्मियों ने एक ''पुराने बिना फटे बम'' को निष्क्रिय कर दिया।

### कोलकाता लॉ कॉलेज गैंगरेप मामला :अपने ही सांसद-विधायक पर बरसीं महुआ मोइत्रा



**नई दिल्ली,** 29 जून (न्यूज चैनल)। कोलकाता में एक लॉ कॉलेज में हुई गैंगरेप की घटना के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो वरिष्ठ नेताओं की विवादित टिप्पणियों ने पार्टी को कटघरे में खड़ा कर दिया है। हालांकि, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने साफ कहा है कि महिलाओं के प्रति नफरत किसी एक पार्टी तक सीमित नहीं है, फर्क बस इतना है कि टीएमसी ऐसी घिनौनी टिप्पणियों की निंदा करती है, चाहे वह कोई भी करे। महुआ मोइत्रा ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि भारत में महिलाओं के प्रति नफरत सभी राजनीतिक पार्टियों में देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि टीएमसी में फर्क सिर्फ इतना है कि पार्टी ऐसी शर्मनाक टिप्पणियों की खुलकर निंदा करती है। दरअसल, टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी और विधायक मदन मित्रा की गैंगरेप केस पर विवादित टिप्पणियों के बाद पार्टी ने खुद को इन बयानों से अलग कर लिया है। टीएमसी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से भी बयान जारी किया गया। पार्टी ने कहा कि यह बयान दोनों नेताओं की व्यक्तिगत राय है और पार्टी का इनसे कोई लेना-देना नहीं है।

### जीएसटी में भ्रष्टाचार पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी सख्त

## कोई अधिकारी पैसे मांगे तो बताइए एसीबी से रंगे हाथों करवाऊंगा गिरफ्तार



**रायपुर,** 29 जून (हाईवे चैनल)। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जीएसटी में भ्रष्टाचार को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि जीएसटी से जुड़ा कोई भी मामला हो. अधिकारी अपने लिए पैसा मांग रहा हो, तो आप मुझे किसी भी माध्यम से जानकारी देंगे, तो एसीबी से उसे मैं रंगेहाथ गिरफ्तार कराऊंगा.

वित्त मंत्री ओपी चौधरी प्रियदर्शनी नगर स्थित कंधकोट भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' के 123वें प्रसारण को सुनने पहुंचे थे. इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा नेता-कार्यकर्ता और आमजन मौजूद थे. वित्त मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि अगर जीएसटी की 10, 20, 30 परसेंट भी त्रस्ज्ञ की गलती हो तो विभाग आंख बंद करने को तैयार है, लेकिन अगर 10 से 20 लाख की चोरी हो तो उसकी गलती माफ नहीं होगी. कोई फर्जी बिल लगाकर अपना फायदा देखेगा तो उसे माफ नहीं किया जाएगा.

## पुत्र पर हमला, बीचबचाव करने आए पिता पर चाकू, लाठी डंडे से हमला, मौत





■ बिरेझर थानान्तर्गत ग्राम कोड़ेबोड़ में बीती रात्रि दो पक्षों में विवाद के दौरान हुई हत्या

**धमतरी** 29 जून (हाईवे चैनल)। बीती रात्रि जिले में एक हत्या की वारदात हुई जिससे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कई लोगो को हिरासत में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बिरेझर चौकी अन्तर्गत ग्राम कोड़ेबोड़ में बीती रात्रि रमेश नवरंगे व सत्यम नागरची के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा की मारपीट की नौबत आ गई। जानकारी मिलने पर दोनो के परिजन भी पहुंचे और उनमें भी विवाद बढ़ गया बताया जा रहा है कि विवाद के पश्चात नवरंगे परिवार चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और वापस लौटे जिसके पश्चात आक्रोशित दूसरे पक्ष ने नवरंगे परिवार के निवास पहुंचकर दरवाजा तोड़ते हुए भीतर प्रवेश कर लाठी डंडे व चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में रमेश नवरंगे को घायल होते देख पिता गोपाल नवरंगे व रमेश का भाई जितेन्द्र भी बीचबचाव करने लगे इसी बीच आरोपियों ने चाकू से गोपाल पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं घायल रमेश व जितेन्द्र नवरंगे को कुरुद अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि हत्या के दौरान हमला करने वालो में 7 से 8 लोग शामिल थे। जिनमें से पुलिस ने कई लोगो को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच में जुट गई है।

## एसपी कार्यालय के सामने सरपंच पति की फांसी के फंदे पर लटकी मिली लाश



**जगदलपुर,** 29 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से सरपंच के सुसाइड का मामला सामने आया है. पुलिस अधिक्षक कार्यालय के सामने सरपंच के पति का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है. मृतक की पहचान कावापाल पंचायत की सरपंच के पति कमलोचन बघेल के रूप में हुई है. मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, एसपी कार्यलय के सामने चाय की दुकान पर आज सुबह सरपंच पति कमलोचन बघेल की लाश मिलने से हड़ंकप मच गया. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया. पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के साक्ष्य मिले हैं. मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए महारानी अस्पताल भेजा जा रहा है. मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है. इस मामले में पुलिस सरपंच पति के आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है.

## बिलासपुर में बनेगा एजुकेशन सिटी, एक ही स्थान पर होंगे कोचिंग, हॉस्टल, लाइब्रेरी और ऑडिटोरियम



**बिलासपुर,** 29 जून (हाईवे चैनल)। बिलासपुर स्मार्ट सिटी योजना के तहत बिलासपुर में एजुकेशन सिटी बनाया जाएगा. शहर के बीच नदी किनारे मधुबन क्षेत्र में 100 करोड़ की लागत से 13 एकड़ में बनने वाले इस एजुकेशन सिटी में एक ही स्थान पर कोचिंग, हॉस्टल, लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम होंगे.

बिलासपुर स्मार्ट सिटी और बिलासपुर नगर निगम ने योजना तैयार कर ली है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश के बाद जल्द ही कार्य शुरू होने के आसार हैं. एजुकेशन सिटी डेवलप होने से प्रदेश के लगभग 50 हजार छात्रों को लाभ मिलेगा. वहीं शहर में कोचिंग संस्थानों को स्थान मिलेगा, जिससे साथ शहर की ट्रैफिक पार्किंग की समस्या भी खत्म होगा. बता दें कि बिलासपुर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को लेकर अलग माहौल है. यहां न केवल बिलासपुर संभाग के, बल्कि प्रदेश के दूर-दराज के क्षेत्रों से और अन्य प्रदेशों से बच्चे कोचिंग के लिए आते हैं. एक अनुमान के मुताबिक, शहर में लोक सेवा आयोग, व्यापम और आईआईटी जैसे परीक्षाओं की तैयारी करवाने वाले करीब 100 से अधिक कोचिंग संस्थान संचालित हो रहे हैं, जिनमें प्रदेश के 50,000 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं.

## डब्ल्यूएचओ ने भारत को घोषित किया ट्रेकोमा-फ्री, पीएम ने प्रयासों को सराहा



### मन की बात

**नई दिल्ली**, 29 जून (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 123वें एपिसोड में स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित एक बड़ी उपलब्धि का जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत को ट्रेकोमा-फ्री घोषित कर दिया है, जो निश्चित ही स्वास्थ्य क्षेत्र और इस रोग की रोकथाम को लेकर किए गए प्रयासों का बेहतर परिणाम दर्शाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा, बैक्टीरिया के कारण फैलने वाली ये बीमारी एक समय देश के कई हिस्सों में आम थी। अगर इसपर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो इससे आंखों की रोशनी तक जाने का खतरा रहता था। हमने इस बीमारी को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया था। अब ये बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमारे देश ने ये लक्ष्य पूरा कर लिया है और डब्ल्यूएचओ ने भारत को ट्रेकोमा फ्री घोषित कर दिया है। पीएम ने कहा, ये उन लाखों लोगों के मेहनत का फल है जिन्होंने बिना थके, बिना रुके इस बीमारी से लड़ाई लड़ी। ये सफलता हमारे स्वास्थ्य कर्मियों की है, स्वच्छ भारत अभियान और जल जीवन मिशन का भी इस सफलता में बड़ा योगदान रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, डब्ल्यूएचओ ने भी इस बात की सराहना की है कि इस बीमारी से निपटने के साथ-साथ भारत ने इसके मूल कारणों जैसे अस्वच्छा को भी दूर किया है। अब आपके मन में भी सवाल होगा कि ये बीमारी क्या है, कैसे फैलती है और भारत में इसका किस तरह से खतरा देखा गया? आइए इन सबके बारे में विस्तार से समझते हैं। जैसा कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि ट्रेकोमा एक बैक्टीरियल संक्रमण है जो आपकी आंखों को प्रभावित करता है। यह क्लैमाइडिया ट्रैकोमैटिस नामक जीवाणु के कारण होता है। ट्रेकोमा संक्रामक है, जो संक्रमित व्यक्तियों की आंखों, पलकों और नाक या गले के स्राव के संपर्क में आने से दूसरों को हो सकता है। संक्रमित वस्तुओं, जैसे रूमाल, तैलिया आदि को छूने से भी इसके फैलने का खतरा रहता है।

योग दिवस पर बात की और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सफलता का जिक्र किया। इसके साथ ही उन्होंने आपातकाल के 50 वर्ष होने पर भी अपने विचार साझा किए। पीएम मोदी ने कहा आप सब इस समय योग की ऊर्जा और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्मृतियों से भरे होंगे। इस बार भी 21 जून को देश-दुनिया के करोड़ों लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा लिया। आपको याद है, 10 साल पहले इसका प्रारंभ हुआ। अब 10 साल में ये सिलसिला हर साल पहले से भी ज्यादा भव्य बनता जा रहा है। ये इस बात का भी संकेत है कि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने दैनिक जीवन में योग को अपना रहे हैं। हमने इस बार योग दिवस की कितनी ही आकर्षक तस्वीरें देखी हैं। विशाखापत्तनम के समुद्र तट पर तीन लाख लोगों ने एक साथ योग किया। विशाखापत्तनम से ही एक और अद्भुत दृश्य सामने आया, दो हजार से ज्यादा आदिवासी छात्रों ने 108 मिनट तक 108 सूर्य नमस्कार किए। सोचिए, कितना अनुशासन, कितना समर्पण रहा होगा।

## नाबालिग हत्या मामले से जुड़ा सीसीटीवी वीडियो आया सामने, रिश्तेदार के साथ जाती दिखी मृतिका



रायपुर, 29 जून (हाईवे चैनल)। राजधानी से लगे खरोरा थाना क्षेत्र में नाबालिग की हत्या के मामले में चौंकाने वाला सीसीटीवी फुटेज सामने आया है. खरोरा थाना क्षेत्र के बेल्दार सिवनी गांव में 27 जून को मुस्कान का शव खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था. अब जो नई जानकारी सामने आई है, उससे वारदात को अंजाम देने का शक मृतका के दूर के रिश्तेदार साहिल धीवर पर और भी गहरा हो गया है. सीसीटीवी फुटेज में मुस्कान किसी युवक के साथ बाइक पर जाती दिखाई दे रही है. पुलिस को आशंका है कि बाइक चला रहा युवक साहिल धीवर है, जो मृतका का दूर का रिश्तेदार है. वहीं दूसरी तस्वीर में साहिल को अकेले बाइक से लौटते हुए देखा गया है, जिससे शक और गहरा गया है. पुलिस के अनुसार, वारदात के बाद साहिल रायपुर छोड़कर फरार हो चुका है. फिलहाल खरोरा पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई है और लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है. बता दें कि 27 जून को बेलदार सिवनी गांव के पास खेत में नाबालिग का शव मिला था. शव के पास से चाकू भी बरामद किया गया था. नाबालिग प्राइवेट स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ रही थी. मृतिका के पिता और भाई की अपनी-अपनी इलेक्ट्रॉनिक दुकान चलाते हैं. छोटा भाई 8वीं कक्षा में पढ़ता है.

CMYK